राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण

(जल संसाधन,नदी विकास एवं गंगा संरक्षण मंत्रालय, भारत सरकार)

National Water Development Agency

(Ministry of Water Resources, River Development and Ganga Rejuvenation, Govt. of India)

संख्या राजविअ/अप्र/भो/टी–49/ 784-86 दिनांक 5 .05.16

प्रति,

फील्ड डायरेक्टर,
पन्ना टाइगर रिजर्व,
पन्ना ।

विषय : केन–बेतवा लिंक परियोजना फॉरेस्ट क्लीयरेंस प्रपोजल FP/MP/IRRIG/16372/2015 के संबंध में ।
संदर्भ : इस कार्यालय का पत्रांक राजविअ/अप्रभो/तक–49/751 दिनांक 27.04.16 ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राष्ट्रीय जल विकास अभिकरण के भोपाल प्रभाग कार्यालय द्वारा दिनांक 16.11.15 को केन–बेतवा लिंक परियोजना फॉरेस्ट क्लीयरेंस का फॉर्म ऑनलाइन लॉक किया गया है । ऑनलाइन फॉर्म की क्लीयरेंस उपरान्त कार्यालय द्वारा उक्त फॉर्म की हॉर्ड कॉपियॉ वन विभाग के संबंधित कार्यालयों में अग्रिम कार्रवाई हेतु कार्यालयीन पत्रांक टी–49/353–60 दिनांक 20.02.16 से जमा की गई है । आपके द्वारा वृक्षों की गणना से संबंधित वांछित जानकारी संदर्भित पत्रांक द्वारा उपलब्ध करा दी गई है । विषयान्तर्गत पत्र के संबंध में निवेदन है कि विभाग द्वारा दौधन बांध के एफ.आर.एल. –2 मी. व एफ.आर.एल. –4 मी. पर पिलर लगाने के कार्य की कार्यवाही प्रगति पर है, और इसका कार्यादेश शीघ्र जारी होने वाला है । कार्य आरम्भ होते ही आपको अवगत कराया जायेगा । जिसका सत्यापन आपके विभाग द्वारा कराया जा सकता है । केन–बेतवा लिंक परियोजना भारत सरकार का शीर्ष प्राथमिकता का प्रोजेक्ट है, जिसकी क्लीयरेंस से संबंधित कार्रवाई को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश भारत सरकार द्वारा बार–बार दिया जा रहा है ।

अतः आपसे अनुरोध है कि केन–बेतवा लिंक परियोजना फेज–I के फॉरेस्ट क्लीयरेंस फॉर्म को इस प्रारंभिक स्टेज पर न रोककर यथाशीघ्र अग्रिम कार्रवाई हेतु अग्रेषित करने की कृपा करें ताकि फॉरेस्ट क्लीयरेंस संबंधित आगे की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण कराई जा सके । यह कार्यालय आपको आश्वासन देता है कि उपरोक्त कार्य शीघ्र पूर्ण करा लिया जावेगा ।

भवदीय,

5/5/16

(अमर श्री नायक)
अधिशासी अभियंता

प्रतिलिपि सादर सूचनार्थ :

1. अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध), भोपाल ।
2. अधीक्षण अभियंता, अन्वेषण वृत, रा.ज.वि.अ., ग्वालियर ।

कार्यालय अधिशासी अभियंता, अन्वेषण प्रभाग, ए–3, सहयोग परिसर, ई–8 शाहपुरा मुख्य मार्ग, भोपाल (म.प्र) –462039
Office of the Executive Engineer, Inv. Divn, A-3 Sahyog Parisar, E-8, Shahpura, Main Road, Bhopal (M.P)462039
दूरभाष /Phone: 2566818, आवास/Resi- 2492289 ,e-mail : eenwdabpl@rediffmail.com, फेक्स/ Fax-0755-2566818